(b) The number of bus chassis manufactured as reported by each of the above manufacturers during 1980 was as follows:—

| | |
|---|---|
| Telco | 7934 Nos. |
| Ashok Leyland .. | 6375 Nos. |
| Hindustan Motors .. | 55 Nos. |
| Premier Automobiles .. | 68 Nos. |

(c) There is a substantial demand for chassis of the preferred makes. viz. Ashok Leyland and Telco.

(d) Steps have been taken by the Govt. to augment the production through input support, technical support, import of components under concessional rate of custom duty as also through the creation of additional capacity.

## दिल्ली नगर निगम क कर्मचारियों को सरकारी आवास

1225. **श्री मंगल राम प्रेमी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली नगर निगम के सेवा-निवृत तथा मृतक कर्मचारियों के ऐसे कितने आश्रित हैं, जिन्होंने निगम के क्वार्टर खाली नहीं किए हैं और उन को यह छूट क्यों दी गई है, जब कि बहुत बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतीक्षा सूची में हैं;

(ख) गत दो वर्षों के दौरान बिना बारी के आधार पर कितने क्वार्टर आवंटित किये गये और ये क्वार्टर किन परिस्थितियों में आवंटित किये गये तथा मडिकल आधार के अतिरिक्त किस आधार पर अन्य व्यक्तियों को क्वार्टर आवंटित किये गये थे;

(ग) निगम में अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों को क्वार्टर आवंटित करने में क्या नीति अपनाई गई है और क्या ऐसे कर्मचारियों को अनुपात के अनुसार क्वार्टर आवंटित किए गए हैं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और क्या इन कर्मचारियों के लिये एक पृथक प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा)**: (क) से (घ). इस संबंध में दिल्ली नगर निगम के सामान्य खंड द्वारा निम्नलिखित सूचना भेजी गई है ।

(क) 69 मामलों में निगम के सेवा-निवृत्त और मृतक कर्मचारियों के आश्रितों ने आवास खाली नहीं किए हैं । वे अवैध कब्जाधारी हैं और उन को कोई छूट नहीं दी गई है ।

(ख) निगम के 28 निवास बिना बारी के आधार पर आवंटित किए गए हैं और उन के ब्यौरे इस प्रकार हैं :—

(1) 16 क्वार्टर उन कर्मचारियों को आवंटित किए गए हैं जो स्वयं अथवा उनके आश्रित टी० बी०/कैंसर से पीड़ित हैं ।

(2) 4 क्वाटर आपातकालीन/विषम समय पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को आवंटित किए गए हैं ।

(3) 3 क्वार्टर अनुसूचित जाति/अनु० जनजाति के कर्मचारियों को आवंटित किए गए हैं जो टी बी से भी पीड़ित हैं ।

(4) 5 क्वार्टर उन अधिकारियों को आवंटित किए गए हैं जो प्रतिनियुक्ति पर दि० न० नि० के सामान्य खंड में नियुक्त किए गए थे ।

(ग) और (घ). नगर निगम द्वारा अनुमोदित नीति के अनुसार श्रेणी 3/4 में स्पष्ट रिक्तियों का 5 प्रतिशत और श्रेणी 1 और 2 में स्पष्ट रिक्तियों का 10 प्रतिशत निगम के अनु० जाति/अनु० जनजाति के कर्मचारियों को आवास के आबंटन के लिए आरक्षित हैं और तदनुसार आबंटन किया जाता है ।

निगम द्वारा अनु० जाति/अनु० जनजाति के कर्मचारियों को एक अलग प्रतीक्षा सूची भी रखी जाती है ।

**लघु सीमेंट संयंत्रों का स्थान निर्धारण**

1226. **श्री निहाल सिंह** : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में 30 लघु सीमेंट संयंत्र कहां कहां स्थित हैं, उन के नाम क्या हैं और उन में से प्रत्येक का वर्तमान पूंजी निवेश कितना है; और

(ख) उन में से प्रत्येक के प्रबन्ध मंडल ने कितनी केन्द्रीय सहायता मांगी है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या निर्णय किया गया है ?

**उद्योग मंत्रालय में उप मंत्री (श्री सी० डू० संगमा)**: (क) तकनीकी विकास के महा-निदेशालय के पास पंजीकृत लघु सीमेंट संयंत्रों के अलावा देश में लघु सीमेंट संयंत्रों की स्थापना करने के लिये 32 आशय पत्र/औद्योगिक लाइसेंस स्वीकृत किए गए हैं । पार्टियों के नाम, संयंत्रों के स्थापनास्थल तथा औद्योगिक लाइसेंस की स्वीकृति हेतु आवेदन करते समय प्राक्कल्पित पूंजी निवेश को बताने वाला एक विवरण संलग्न है ।

(ख) लघु सीमेंट संयंत्रों की स्थापना करने के लिए वित्तीय संस्थाओं द्वारा आम तौर पर वित्तीय सहायता दी जाती है । भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने बताया है कि 28 पार्टियों ने उन को वित्तीय सहायता के लिए लिखा है और उन्होंने अभी तक तीन परियोज-नाओं के लिए पुर्ननित सहायता की स्वीकृति दी है और चार परियोजनाओं को प्रत्यक्ष सहायता दी है ।

**विवरण**

| क्र० सं० | पार्टी का नाम | स्थापना स्थल | प्राक्कल्पित निवश (रु० लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | एग्रीमा प्रोजक्ट इन्जीनियरिंग एण्ड कन्सलटैन्सी | जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश | 450 |
| 2. | अमीरगढ़ सीमेंट (प्रा०) लि० | जिला बनासकंठा गुजरात | 308.71 |
| 3. | बी० रामास्वामी (म०पालिके सीमेंट्स एण्ड मिनरल्स) | जिला चित्रदुर्ग कर्नाटक | 293 |
| 4. | मै० जुपीटर सीमेंट इण्डस्ट्रीज लि० | गुजरात जिला जामनगर | 400 |
| 5. | साउथ इण्डिया सीमेंट प्रा० लि० | जिला गुलबर्ग कर्नाटक | 332.60 |
| 6. | रेवा कोल्डफील्ड्स | जिला रायगढ़ मध्य प्रदेश | 435 |
| 7. | इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कारपोरेशन उड़ीसा | जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा | 365 |
| 8. | गढ़वाल मण्डल विकास निगम लि० | जिला देहरादून उत्तर प्रदेश | 367 |